## Headline

1. **Farmer Protest:** शंभू बॉर्डर पर भारी भीड़, रिटायर्ड फौजी...व्यापारी, अन्य राज्यों के लोगों का किसानों को समर्थन
2. **PM Modi Live:** झारखंड पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, 35700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे
3. **Ishan-Shreyas:** नहीं थम रहा ईशान-श्रेयस को अनुबंध से निकालने का विवाद, अब साहा ने कहा- आप जबरदस्ती नहीं कर सकते
4. **Bangladesh Fire:** ढाका के एक रेस्तरां में लगी आग, 44 लोगों की गई जान, स्वास्थ्य मंत्री मौके पर मौजूद
5. **जेएनयू में बवाल:** लेफ्ट और राइट विंग के छात्रों के बीच हुई मारपीट, चले लाठी-डंडे; एक-दूसरे पर लगाए आरोप
6. **UP:** खाता हैक कर 51.88 लाख निकाले, अब बैंक को देने होंगे 74.25 लाख; धोखाधड़ी में बैंक कर्मचारियों की भूमिका!


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 231 | इंदौर, शुक्रवार 01 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों पर मंथन, जल्द जारी होगी पहली लिस्ट

## दिल्ली में देर रात तक बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जल्द ही अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। इसे लेकर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लंबा मंथन चला। गुरुवार शाम को शुरू हुई बैठक देर रात तक जारी रही। जिसमें मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटों को लेकर भी चर्चा की गई।

सूत्रों ने बताया कि बीजेपी की पहली लिस्ट में 100 से 125 सीटों के लिए नामों का ऐलान हो सकता है। जिसमें मध्यप्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जा सकती है। बीजेपी की पहली लिस्ट संभवतः शुक्रवार को जारी हो सकती है।

बैठक मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बीजेपी शासित राज्यों के सीएम और पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए।

मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान भी बैठक में मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा के बीच लंबी बैठक हुई।

### तैयार हो चुके दावेदारों के पैनल

मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर दावेदारों के पैनल तैयार हो चुके हैं। कुछ सीटों पर सिंगल नाम भी हैं। विदिशा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भोपाल सीट से पूर्व महापौर आलोक शर्मा का नाम सबसे आगे है। BJP सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में बुधवार करीब ढाई घंटे तक चली बैठक में जिन नामों पर सहमति बन गई है, उनका टिकट केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) की हरी झंडी के बाद घोषित कर दिया जाएगा।

### सिंधिया का ग्वालियर और गुना दोनों सीटों से नाम

ग्वालियर सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को उतारा जा सकता है। यदि किसी एक सीट से महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण को टिकट देना तय किया जाता है तो ग्वालियर से यशवंत इंद्रापुरकर को उतारा जाएगा। ऐसे में सिंधिया को उनकी परंपरागत सीट गुना-शिवपुरी से मैदान में उतारे जाने का भी विकल्प है। इसी तरह इंदौर से वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को भी रिपीट किए जाने पर सहमति बन गई है। हालांकि, अधिकतर सीटों पर नए चेहरे ही मैदान में उतारे जाएंगे।

### लोकसभा सीटों को 2 हिस्सों में बांटा

सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों को दो हिस्सों में बांटा है। पहली श्रेणी में उन सीटों को शामिल किया गया है, जिनको भाजपा के सर्वे में सुरक्षित माना गया है। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, विदिशा, दमोह, सतना, सागर, मुरैना, बालाघाट, सीधी, खरगोन, होशंगाबाद, देवास, खजुराहो और बैतूल सीट शामिल हैं।

दूसरी श्रेणी में वे सीटें हैं, जहां चुनाव चिह्न के साथ उम्मीदवार का चेहरा भी मायने रखता है। इनमें गुना, मंदसौर, रतलाम, धार, खंडवा, मंडला, उज्जैन, राजगढ़, शहडोल, भिंड, रीवा, टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा सीटें हैं। इनमें से सिर्फ छिंदवाड़ा सीट ऐसी है, जो 2019 में भाजपा हार गई थी।

### नामों का पैनल फाइनल, केंद्र की मुहर लगना बाकी

इससे पहले सोमवार और मंगलवार को एमपी की 23 लोकसभा सीटों पर रायशुमारी कराई गई। भोपाल में प्रदेश की कोर कमेटी और प्रदेश चुनाव समिति की बैठकों में रायशुमारी के दौरान सामने आए नामों का मेरिट के आधार पर पैनल बनाया गया। प्रदेश स्तर पर बनाए गए पैनल पर दिल्ली में बुधवार को जेपी नड्डा और अमित शाह के साथ चर्चा हुई।

# संजय सेतु के नए मार्ग से नहीं हटेगा भैरव मंदिर

## विधायक के साथ गए अधिकारियों में बन गई सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा संजय सेतु के आगे बनाए गए नए मार्ग से भैरव भगवान का मंदिर नहीं हटेगा । क्षेत्र के विधायक के साथ गए अधिकारियों के साथ चर्चा में इस बात की सहमति बन गई है । अब मंदिर के पीछे से वाहनों की आवाजाही का रास्ता निकाला जाएगा ।**

जवाहर मार्ग से चंद्रभागा तक जाने के लिए नदी के किनारे जीवन रेखा मार्ग के रूप में नई सड़क बनाई गई है । यह सड़क स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा तैयार करवाई गई है । इस सड़क पर बीच में एक भैरव महाराज का मंदिर आ रहा है । इस मंदिर की शिफ्टिंग को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण मंदिर के पास में सड़क बना ली गई है । इस सड़क पर यातायात चल रहा है । मंदिर की शिफ्टिंग के लिए अभी तक जितने प्रयास किए गए वह सारे प्रयास नाकाम रहे हैं ।

क्षेत्र क्रमांक तीन के विधायक गोलू शुक्ला, क्षेत्र के पार्षद और अन्य नेताओं के साथ स्मार्ट सिटी कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांक सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इन सभी के द्वारा भैरव महाराज के मंदिर के पुजारी के साथ मंदिर की शिफ्टिंग के बारे में चर्चा की गई । पुजारी के द्वारा शिफ्टिंग के प्रयास को खारिज कर दिया गया । यह मंदिर गहराई में सड़क से नीचे की तरफ बना हुआ है ।

इस चर्चा में इस बात को लेकर सहमति बनी की अब इस मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बड़ी दीवार बना दी जाए । मंदिर के पीछे की तरफ से वाहनों की आवाजाही का रास्ता रखा जाए । सड़क के ऊपर की तरफ मंदिर का जो हिस्सा निकला हुआ है उसे हटा दिया जाए और मंदिर में जाने के रास्ते को भी सुरक्षित कर दिया जाए । इस तरह से यह मंदिर तो सड़क के बीचो-बीच ही वर्तमान स्थिति के अनुसार ही जस का तस बना हुआ रहेगा । इस सहमति के बनने के बाद अब स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा इस दिशा में भी जल्द ही काम का शुरू किया जा रहा है ।

### आगे की सड़क अटक गई

इस सड़क की इस बाधा वाली समस्या का समाधान तो अधिकारियों के द्वारा जैसे तैसे करके निकाल लिया गया लेकिन इस सड़क के आगे की सड़क अटक गई है, ध्यान रहे की यह सड़क पागनीसपागा तक भी जाना है । इसका काम अभी शुरू नहीं हुआ है । नगर निगम भी इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालकर बैठ गया है । अब कोई भी इस सड़क के आगे के निर्माण के कार्य की सुध लेने के लिए तैयार नहीं है ।

## परिचय सम्मेलन में देश भर के समाज बंधु होंगे शामिल

**17 मार्च को इंदौर में होगा कुशवाह समाज का विशाल आयोजन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कुशवाह समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन आगम 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां इन दिनों चल रही है। आयोजन में देश भर के समाज बंधु अपने परिवार के विवाह योग्य युवक युवतियों के साथ शामिल होंगे और वर वधू तलाशेंगे। अखिल भारतीय कुशवाह महासभा अध्यक्ष त्रिलोक कुशवाह, सचिव हंसराज कुशवाह, कोषाध्यक्ष टीडी पटेल और कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र दुबगे (कुशवाह) ने बताया कि आयोजन 17 मार्च रविवार को परदेशीपुरा चौराहा स्थित सुगनी देवी परिसर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासभा के युवा अध्यक्ष भवानी शंकर कुशवाह महिला अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा कुशवाह के अनुसार सम्मेलन में मध्यप्रदेश के लगभग सभी शहरों के अलावा राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित पूरे देश भर के समाजजन शामिल होंगे।

**लगातार 17वें वर्ष आयोजन-** महासभा के द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन का लगातार 17 वां वर्ष है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादवजी के आने की भी संभावना है। इसके अलावा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह जी कुशवाह, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, राज्यमंत्री राजकुमार जी कुशवाह, विधायक श्री तुलसीराम सिलावट, श्री रमेश जी मेंदोला, महेंद्र जी हार्डिया, मधुजी वर्मा, गोलूजी शुक्ला, कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अश्विन जोशी, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल सहित अन्य अतिथि गण शामिल होंगे महासभा के सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों से अपील की है कि वह इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इसका लाभ लें।

## देश की बिजली व्यवस्था सुधार में आरडीएसएस की महती भूमिका

**→सांसद लालवानी, विधायक वर्मा की मौजूदगी में ग्रिड लोकार्पित**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




इंदौर। एक देश एक ग्रिड की बिजली व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने अरबों रूपए के कार्य प्रत्येक राज्य में प्रारंभ कराए है। इसका उद्देश्य देश की बिजली व्यवस्था में युद्ध स्तर पर बदलाव और देश में मांग के अनुरूप गुणवत्ता से बिजली आपूर्ति करना है। इंदौर समेत मप्र में भी रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत व्यापक कार्य हुए है, इनसे लाखों लोगों के लिए पहले की तुलना में और अच्छी बिजली दी जा रही हैं।

ये विचार इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी ने व्यक्त किए। सांसद श्री लालवानी गुरुवार को मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन बड़ियाकीमा में 33/11 केवी के नए बिजली ग्रिड का लोकार्पण कर रहे थे। श्री लालवानी ने केंद्र की श्री नरेंद्र मोदी सरकार को प्रत्येक भारतीय के लिए कार्य करने वाली एवं विकास-विश्वास की सरकार निरूपित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री मधु वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से किसान, आमजन, गरीबों के हित में सतत कार्य हो रहे है। इसमें बिजली ग्रिड, नए ट्रांसफार्मर, नई लाइनें, पोल, सब्सिडी देकर बिलों में व्यापक आदि शामिल है। श्री लालवानी एवं श्री वर्मा ने उक्त ग्रिड के तहत आने वाले बिचौली मदार्ना, देवगुराड़िया, एनआरआई साकार, प्रगति पार्क, पुष्परत्न एनक्लेब, ओम सांई विहार, कालिंदी शिवलिक, बड़ियाकिमा आदि के हजारों लोगों को ग्रिड की सौगात देते हुए बधाई दी। अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य ने बताया कि दो करोड़ सत्तर लाख के ग्रिड से इंदौर नगर एवं समीपी ग्राम, बायपास आदि के बिजली उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के साथ बिजली मिलने लगी है, वोल्टेज की दिक्कत नहीं आएगी। अतिथि स्वागत कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन ने किया।

### कटाक्ष




## अग्रवाल समाज के अभा परिचय सम्मेलन हेतु बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की पुण्य स्मृति में 2 से 4 मार्च तक गांधी हॉल में होने वाले 31 वें अभा नि:शुल्क परिचय सम्मेलन की तैयारी के लिए आयोजन समिति की बैठक मालवा मिल स्थित गोयल हाउस पर समाजसेवी गोविंद सिंघल के आतिथ्य में हुई , जिसमें तैयारियों की समीक्षा की गई । बैठक में मनीष जैन , एलबी अग्रवाल , श्याम अग्रवाल , रमेश तायल , श्याम गोयल , नवीन गोयल , इंदू अग्रवाल , राजेश इंजीनियर , उर्मिला गोयल आदि मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि आयोजन हेतु 1240 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं । इनमें 560 युवतियां , 655 युवक और 25 विशिष्ट श्रेणी के प्रत्याशी शामिल हैं । अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित और अच्छे पैकेज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत अथवा स्वयं के स्थापित कारोबार से जुड़े हैं । महासभा के समन्वयक संतोष गोयल , अध्यक्ष डॉ . सतीश गोयल और महामंत्री अजय बंसल के अनुसार देश के 12 राज्यों के प्रत्याशी परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे । प्रविष्ठियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 25 फरवरी थी । कुल 1240 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं । इनकी औसत आयु 28 से 32 वर्ष है । इन सभी प्रविष्ठियों का प्रकाशन बहुरंगी परिचय पुस्तिका में किया जा रहा है।

### विद्याधाम पर नौ दिवसीय शिव नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्या धाम पर नौ दिवसीय शिव नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं.राजेश शर्मा के निर्देशन में अभिषेकात्मक महारूद्र महायाग अभिषेक के साथ हुआ। अभिषेक में , सुरेश शाहरा,यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, पवन-भावना माहेश्वरी, गोपाल-विद्या महाजन, श्रीमती तारा मालू सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान भगवान भवानी शंकर का विशेष शृंगार भी किया गया । शुक्रवार 8 मार्च को आश्रम पर सुबह 9 से 12 बजे तक महामृत्युंजय यज्ञानुष्ठान का आयोजन भी होगा, जिससे साधकों को अनेक प्रकार के कष्टों एवं समस्याओं से मुक्ति मिलती है।

# मेट्रो का रूट बदलने की मांग कई संस्थाएं एकजुट

## कैलाश विजयवर्गीय ने जांच का आश्वासन दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मेट्रो का रूट बदलने की मांग तेज होने लगी है। शहर के कई समाज और संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की है। इनकी मांग है कि मेट्रो का वर्तमान रूट बदलकर पिपलियाहाना चौराहा, कृषि कॉलेज से होते हुए एमवाय की ओर किया जाना चाहिए। जिससे इसकी उपयोगिता और अधिक बढ़कर नागरिकों को ज्यादा लाभ मिल सके। इस विषय को लेकर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का प्रतिनिधिमंडल नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिला एवं ज्ञापन दिया। कैलाश विजयवर्गीय ने मेट्रो रूट को लेकर परीक्षण कराने का आश्वासन दिया।



सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर अतुल सेठ ने बताया कि वर्तमान में मेट्रो का निर्माण गांधीनगर से सुपर कारिडोर से होते हुए बंगाली कॉलोनी चौराहे तक किया जा रहा है। यहां से शहर की ओर मुड़ने का रूट पत्रकार चौराहा, पलासिया चौराहा होते हुए उच्च न्यायालय पर होगा। यहां से यह अंडरग्राउंड होगी और जमीन के नीचे से एयरपोर्ट तक जाएगी। महात्मा गांधी मार्ग पर इन्द्रप्रस्थ टावर के आगे से ओपन खुदाई होगी जिससे गांधी मार्ग पर लंबे समय तक यातायात में व्यवधान होगा एवं रास्ता बंद करना पड़ेगा। करीब दो साल तक नागरिकों को अकल्पनीय असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। अतः मेट्रो के रूट को बंगाली कॉलोनी चौराहे से आगे बढ़ाकर पिपलियाहाना चौराहा से कृषि महाविद्यालय वाले रोड, एम वाय से सरवटे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तक वाले रोड पर बनाई जाए तो अधिकतम नागरिकों को सुविधा मिलेगी एवं निर्माण के दौरान भी कम परेशानियां होंगी। इसके साथ नए बन रहे जिला न्यायालय तथा एमवाय अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी लाभ मिल सकेगा। अतः शहर और नागरिकों के हित में इस विकल्प पर विचार कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट का अध्ययन किया जाए। विजयवर्गीय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुना और परीक्षण कराने का आश्वासन दिया।

**वर्तमान रूट-** वर्तमान में मेट्रो का निर्माण गांधीनगर से सुपर कारिडोर से होते हुए बंगाली कॉलोनी चौराहे तक किया जा रहा है। यहां से शहर की ओर मुड़ने का रूट पत्रकार चौराहा, पलासिया चौराहा होते हुए उच्च न्यायालय पर होगा।

**यह रूट करने की मांग-** बंगाली चौराहे से शहर की ओर मुड़ने का वर्तमान रूट बदलकर पिपलियाहाना चौराहा, कृषि कॉलेज से होते हुए एमवाय की ओर किए जाने की मांग है।

**इन्होंने रखी शहर की बात –** अजीतसिंह नारंग, वीके गुप्ता ने इंदौर के लिए योग्य मास्टर प्लान बनाने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल में अतुल सेठ, अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, शिवाजी मोहिते, शफी शेख, इंदौर उत्थान अभियान के अजीत सिंह नारंग, वीके गुप्ता, सानंद न्यास के श्रीनिवास कुटुंबले, सेवा सुरभि के ओमप्रकाश नरेडा आदि उपस्थित थे।

# लता ऑडिटोरियम को 16 साल लगे बनने में, एजेंसी तय होना बाकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीसी से राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया। ऑडिटोरियम जनता के लिए कब से खुलेगा यह अभी तय नहीं है, क्योंकि अभी यह तय होना बाकी है कि इसका संचालन किस तरह से होगा और शुल्क क्या लगेगा? इसका संचालन कौन सी एजेंसी करेगी?

ऑडिटोरियम में प्रवेश करने से लेकर हॉल तक लताजी के बचपन से लेकर अंतिम वक्त तक के फोटो लगाए गए हैं। इसे एक प्रकार से गैलरी के रूप में तैयार किया है। 23 करोड़ रुपए इस पर खर्च किए हैं। ऑडिटोरियम को एक-दो साल में ग्रीन बिल्डिंग के रूप में तब्दील कर दिया जाएगा। सोलर एनर्जी से सप्लाय के साथ बिल्डिंग के चारों तरफ सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे स्वाभाविक रूप से बिल्डिंग के भीतर ठंडापन महसूस हो। शहर के पश्चिमी हिस्से के लिए यह पहला ऑडिटोरियम है।



**1200 लोग बैठ सकेंगे**
**700 गाड़ी पार्क हो सकेंगी**
**02 साल में यह ग्रीन बिल्डिंग बनेगी**

लोकार्पण अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, संभागायुक्त मालसिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, पूर्व विधायक जीतू जिराती, अभिषेक शर्मा मौजूद रहे। यहां सांसद द्वारा अनुशंसित 50 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 300 विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि पूजन भी किया गया।

# नाथ मंदिर पर कल सुश्री हेमांगी भगत का शास्त्रीय गायन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर माधवनाथ महाराज की प्रेरणा से प्रतिमाह दूसरे एवं तीसरे शनिवार को शहर के कलाकारों को शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आमंत्रित करने की श्रृंखला में इस बार सुश्री हेमांगी भगत नेने को आमंत्रित किया गया है, जो शनिवार 2 मार्च को सायं 7.30 बजे से अपनी प्रस्तुति देंगी। सुश्री भगत ने डॉ. शशिकांत ताम्बे, शुभदा ताई मराठे एवं डॉ. सुवर्णा वाड़ के मार्गदर्शन में संगीत की शिक्षा प्राप्त की है।**

नाथ मंदिर संस्थान के सचिव संजय नामजोशी एवं उत्सव प्रमुख मनीष ओक ने बताया कि वर्तमान में वे वरिष्ठ गायिका श्रीमती प्रतिभा तिलक से जयपुर अत्रोली घराने की संगीत शिक्षा ले रही हैं। अब तक उन्हें सुर संगम जयपुर से सुरश्री, अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव में प्रथम, लता अलंकरण स्पर्धा में प्रथम सहित अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं और देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों से वे शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। देश-विदेश के अनेक विद्यार्थी भी उनसे संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दो मार्च को श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात तबला वादक सुश्री संगीता अग्निहोत्री एवं हारमोनियम पर रचना शर्मा उनकी संगत करेंगी।

# बारिश के बाद किया जाने वाला सड़कों का पैच वर्क अब हुआ शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा हर साल बारिश के मौसम के बाद सड़कों के पैच वर्क का जो काम किया जाता है वह काम इस साल अब जाकर शुरू हुआ है। नगर निगम के पास इस काम को करने के लिए पैसे नहीं थे तो कोई ठेकेदार भी काम करने के लिए तैयार नहीं था। अब जाकर नगर निगम सड़क के गड्ढे भरने का यह अभियान शुरू करवा सका है।**

सबसे पहले मधु मिलन चौराहा से लेकर नसिया रोड होते हुए जीपीओ चौराहा तक के क्षेत्र में पैच वर्क के कार्य को शुरू किया गया है । इसके साथ ही नए आरटीओ कार्यालय नायता मुंडला तक जाने के मार्ग पर भी पेच वर्क का कार्य शुरू किया गया है । निगम के अधिकारियों का कहना है कि इन क्षेत्रों में पेच वर्क को होने के बाद शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यह कार्य शुरू किया जाएगा ।

बारिश के मौसम में बारिश के कारण सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं ऐसे में जब बारिश का मौसम समाप्त होता है तो नगर निगम के द्वारा पेचवर्क कर कर इन गढ़ों को भर दिया जाता है। इस साल बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद भी नगर निगम इस काम को शुरू नहीं करवा पाया था। शहर की सड़कों के गड्ढे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पार्षदों के द्वारा भी नगर निगम पर बार-बार अपने क्षेत्र की सड़कों का पैच वर्क करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। निगम के साथ समस्या यह थी कि उसके खजाने में पैसा नहीं था। इसके बावजूद नगर निगम पैच वर्क का काम करवाना चाहता था लेकिन कोई ठेकेदार करने के लिए तैयार नहीं था।

# अन्नपूर्णा मंदिर पर फाग महोत्सव 7 को

**इंदौर।** अन्नपूर्णा आश्रम ट्रस्ट, संचालन समिति एवं भक्त मंडल के तत्वावधान में गुरुवार, 7 मार्च को मंदिर प्रांगण में फाग महोत्सव का रंगारंग आयोजन होगा। मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि ने बताया कि रात 8 बजे से महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में भजन गायक हरिकिशन साबू भोंपूजी फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## पलासिया थाना परिसर में जप्तशुदा वाहनों की नीलामी हेतु सूचना

**इंदौर।** पलासिया थाना परिसर इन्दौर में जप्तशुदा 59 सायकल जिस हालत में रखे है वह 17 मार्च 2024 को प्रातः 11 बजे थाना पलासिया में खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जायेंगे। वाहनों की सूची एवं नीलामी की शर्ते आवेदन फार्म के साथ प्रदाय की जायेगी। आवेदन फार्म संबंधित थाने से प्राप्त किये जा सकते हैं। वाहन क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति 100 रुपये की राशि का पोस्टल ऑर्डर जो पुलिस उपायुक्त इन्दौर जोन 03 के नाम से देय होगा। थाना पलासिया इन्दौर में जमा कर नीलामी हेतु निर्धारित आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण भरे हुये आवेदन फार्म प्रतिभूति राशि के डिमांड ड्राफ्ट सहित थाना पलासिया में 16 मार्च 2024 के शाम 5 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।


## समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

### घोषणा

### फार्म-4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | : | इंदौर |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 5. | सम्पादक का नाम | : | पुष्पेंद्र पुष्प |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | पता | : | 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | पुष्पेंद्र पुष्प 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर |

मैं पुष्पेंद्र पुष्प प्रकाशक, मुद्रक एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकृत जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

01 मार्च 2024

**प्रकाशक के हस्ताक्षर**
**पुष्पेंद्र पुष्प**

# रेप के आरोपी के घर चला बुलडोजर

## 40 साल के आरोपी ने ढाई साल की बच्ची से गलत किया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में ढाई साल की बच्ची से रेप के आरोपी का घर गुरुवार को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया। मामला नागदा का है। आरोपी के परिवार के लोगों ने विरोध भी जताया। पुलिस फोर्स होने के कारण वे ज्यादा विरोध नहीं कर सके। 40 साल के आरोपी ने सोमवार रात बच्ची के साथ गलत हरकत की थी। आरोपी को घटना वाली रात ही गिरफ्तार कर लिया गया था।**

आरोपी सुरेश वर्रा बच्ची के मोहल्ले में ही रहता है। घटना वाले दिन बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। मोहल्ले के लोगों ने उसे बच्ची के साथ गलत हरकत करते हुए पकड़ा था। बच्ची जब मिली तो उसके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। नागदा मंडी थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आज पुलिस और नागदा नगर पालिका की टीम जेसीबी लेकर आरोपी के घर पहुंची। विरोध के बीच कार्रवाई की।

### आगे भी ऐसी ही कार्रवाई की जाएगी-कलेक्टर

कलेक्टर नीरज सिंह का कहना है कि आगे भी इसी तरह की निरंतर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी द्वारा गंभीर अपराध किया है। ऐसे लोगों पर इसी तरह की कार्रवाई की जाना चाहिए।

### यह है पूरा मामला

उज्जैन के पास नागदा में सोमवार रात ढाई साल की मासूम के साथ पड़ोसी युवक ने ज्यादती की थी। नागदा निवासी 40 वर्षीय सुरेश वर्रा के साथ संदिग्ध हालत में बच्ची मिली थी। अश्लील हरकत पड़ोसियों ने देख ली और बच्ची के परिजन को सूचना दी। मासूम के साथ हुई घटना से आसपास के रहवासी आक्रोश में आ गए और रात को ही नागदा के मंडी थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया। बच्ची का तत्काल मेडिकल और उपचार हेतु भेजा गया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 376, 376 ए-बी, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया।

# न मैं, न कमलनाथ भाजपा में जा रहे

## भाजपा में जाने की अटकलों को किया खारिज, बोले- अफवाहें फैलाई जा रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बाद अब उनके सांसद बेटे नकुलनाथ ने भी भाजपा में जाने की अटकलों को खारिज कर दिया है। नकुलनाथ ने कहा- ह्यभाजपा के लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि कमलनाथ जी भाजपा में जा रहे हैं। मैं भाजपा में जा रहा हूं। मैं आज इस सभा में स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ना ही कमलनाथ जी भाजपा में जा रहे हैं और ना ही नकुलनाथ भाजपा में जा रहा है।ह्व छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ गुरुवार को जुन्नारदेव विधानसभा के नवेगांव में आयोजित जनसभा और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच पर पूर्व सीएम कमलनाथ भी मौजूद थे। नकुलनाथ ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत का धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी कार्यकतार्ओं की मेहनत के कारण हम जुन्नारदेव विधानसभा में चुनाव जीते हैं।



### मैंने कभी कहा मैं भाजपा में जा रहा हूं मैं क्या पागल हो गया हूं

इससे पहले बुधवार को कमलनाथ ने भी भाजपा में जाने की अटकलों को खारिज किया था। वे चौरई विधानसभा क्षेत्र के चांद में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- भाजपा वाले भड़काने आएंगे। तरह-तरह की अफवाहें। कमलनाथ आ रहे हैं भाजपा में। अरे, कभी मैंने कहा मैं भाजपा में जा रहा हूं। मैं क्या पागल हो गया हूं।

### कमलनाथ की बीजेपी में शामिल होने की थी अटकलें

हाल ही में कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलें लगाई जा रही थी। 17 फरवरी को दोनों ही नेता दिल्ली पहुंचे थे। कमलनाथ के करीबी नेताओं ने बयान दिए थे कि कमलनाथ का बीजेपी में जाना तय है। दिल्ली पहुंचे कमलनाथ से जब मीडिया ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने भी इससे इंकार नहीं किया था। हालांकि दो-तीन दिन चली इन अटकलों पर विराम लग गया। कमलनाथ के बीजेपी में जाने की बात कहने वाले नेताओं ने कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे। कमलनाथ इसके बाद भोपाल में कांग्रेस की बैठक में भी वर्चुअली शामिल हुए थे।

### कमलनाथ ने कहा था- विकास की नई यात्रा शुरू करेंगे

छिंदवाड़ा से भोपाल रवाना होने से पहले कमलनाथ ने उमरेठ में एक सभा को संबोधित किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि मैंने अपनी जवानी समर्पित कर दी छिंदवाड़ा के लिए। अब यही कहूंगा कि हम अंतिम सांस तक मिलकर रहेंगे। विकास की एक नई यात्रा शुरू करेंगे। आपका प्यार और विश्वास हमेशा मिलता रहे।

# सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार पर एफआईआर

## विधायक पर एक करोड़ रुपए मांगने का आरोप, धमकी में कहा-तेरे को जेल भेजकर मानूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम जिले के बाजना में मेडिकल स्टोर संचालक ने सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार पर 1 करोड़ रुपए मांगने का आरोप लगाया है। स्टोर संचालक ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया था। इसके बाद विधायक के खिलाफ सैलाना पुलिस ने धारा 323, 294, 506, 327, 384, 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया। रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया की मेडिकल संचालक से 1 करोड़ रुपए मांगे थे। जांच के बाद एफआईआर की है। गैर जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जिसमें 10 साल तक की सजा का प्रावधान है।**

इस मामले में विधायक डोडियार ने कहा था कि बाजना में 30 साल से अवैध रूप से मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। मैंने खुद कार्रवाई के लिए तीन घंटे धरना दिया था। वहीं, 24 फरवरी को मेडिकल संचालक तपन राय एसपी राहुल लोढ़ा से विधायक की शिकायत करने पहुंचे थे। हालांकि एसपी के नहीं मिलने पर उन्होंने आवक-जावक शाखा में आवेदन दे दिया था।

### विधायक ने कहा था- मुझसे मिलो, नहीं तो ठीक नहीं रहेगा

बाजना में रहने वाले तपन राय मां मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं। वीडियो में तपन राय कह रहे हैं कि 19 फरवरी को करीब 4 बजकर 10 मिनट पर विधायक साहब का कॉल आया। उन्होंने कहा कि तुम अवैध रूप से मेडिकल चला रहे हो। मुझसे मिलो। नहीं तो ठीक नहीं रहेगा।

उसी दिन मैं उनसे मिलने गया। उनके गार्ड ने मेरी चेकिंग कर मोबाइल बाहर ही रख लिया। मैं अंकल को साथ ले गया था, लेकिन उन्हें बाहर कर दिया। मुझसे पूछा गया कि क्या डिग्री है। मैंने कहा कि फार्मासिस्ट हूं, तब उन्होंने (विधायक) कहा कि मेरे क्षेत्र में रहने नहीं दूंगा। उन्होंने धीरे से इशारा किया, कितने दे सकते हो। उन्होंने मुझे 1 करोड़ रुपए देने को कहा। आज (शुक्रवार) मेरे मेडिकल स्टोर पर आकर बैठ गए। मुझे कहा कि हमारे विधायक प्रतिनिधि दशरथ डिंडोर को बात करने के लिए भेजा था, उनसे बात क्यों नहीं की। मौका दिया तो नौबत यहां तक नहीं आती। जाते-जाते कहते गए कि तेरे को जेल भेजकर मानूंगा। 23 फरवरी को विधायक कमलेश्वर डोडियार बाजना पहुंचे। तीन घंटे तक मेडिकल दुकान पर बैठे रहे। स्वास्थ्य अधिकारियों को बुलाया। बाजना बीएमओ पहुंचे। पंचनामा बनाया। इसके बाद सभी चले गए। एक डॉक्टर के पास एमबीबीएस, बीएचएमएस और क्लिनिकल का लाइसेंस होना चाहिए। जो व्यक्ति मुझ आरोप लगा रहा है, वह पिछले 30 साल से बाजना में अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहा है। अवैध रूप से गर्भपात कर रहा है। गरीब लोगों को ठगता है। मेरे द्वारा पूर्व में सीएमएचओ को दुकान सील करने का पत्र भी लिखा है। बाजना क्षेत्र में 3 हजार बंगाली झोलाछाप है, जिनका यह नेता है। यह खुद मेरे पास 20 लाख रुपए लेकर आया था। काम करते रहने को कहा था, तब मैंने कहा कि 1 करोड़ भी देगा तो नहीं लूंगा। जो आरोप लगाए वह गलत हैं।

# 10 साल बाद आदिवासियों के 269 आवास घोटाले में एफआईआर

## →हाईकोर्ट ने फटकारा तो महिला सरपंच समेत 8 लोग बने आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा आवास अंतर्गत मिले 269 इंदिरा आवास घोटाले की भेंट चढ़ गए। मामला 2013-14 में पुनासा जनपद की ग्राम पंचायत हंतिया का है। हितग्राहियों की शिकायत पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। मामले को लेकर एक कांग्रेस नेता ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगा दी। हाईकोर्ट में सुनवाई का मौका आया और नोटिस जारी हुए तो सरकार ने आनन-फानन में थाना नर्मदानगर पर तत्कालीन महिला सरपंच समेत 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर करवा दी। 10 साल पहले हुआ घोटाला 85 लाख 60 हजार रूपए का था।

वन अधिकार पट्टा आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत हंतिया में 269 हितग्राहियों को कुटीर (घर) स्वीकृत की गई। उनके खातों में पहली किस्त के 22,500 हजार रुपए डालने के लिए नर्मदा-झाबुआ ग्रामीण बैंक शाखा पुनासा में खाते खुलवाए गए। सरपंच पति व सचिव ने हितग्राहियों को भ्रमित कर पूरी राशि आहरित कर ली। जब दूसरी किस्त का समय आया तो सभी हितग्राहियों के खाते बैंक ऑफ इंडिया शाखा पुनासा में खाते खोले गए। इन खातों में दूसरी किस्त को पहली बताकर फिर से 22,500 रुपए डाले गए। यह राशि भी उन्होंने कियोस्क संचालक व जनपद के अफसरों से मिलीभगत कर खुद निकाल ली और उसकी भनक तक हितग्राहियों को नहीं लगने दी। बाद में किस्तों के रुपए नहीं मिले तो हितग्राहियों ने अपने स्तर पर जानकारी निकाली, तब हकीकत पता चली। मामले में तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य रणधीर कैथवास ने तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ रोशनसिंह से शिकायत की। जांच कमेटी बैठी तो सरपंच-सचिव, रोजगार सहायक, कियोस्क संचालक सहित जिला पंचायत के अफसर भी दोषी पाए गए। पूरा प्रकरण चार साल तक जांच में उलझता रहा है। 2018 में मांधाता से विधायक बने नारायण पटेल से आरोपी मास्टरमाइंड महेंद्र गुर्जर ने करीबियां बढ़ा ली। महेंद्र विधायक पटेल का खास हो गया। ऐसे में घोटाले की फाइल दब गई। 2021 में कैथवास ने पूरे प्रकरण में हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगा दी। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता रणधीर कैथवास ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ और सरपंच-सचिव को पार्टी बनाया था। जबलपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई से पहले सरकार को नोटिस जारी किया।

# मुरैना में जमीन विवाद में झड़प, 5 घायल

**मुरैना।** मुरैना जिले में दो पक्षों के बीच गुरुवार सुबह फायरिंग और पथराव हुआ। मामला नूराबाद इलाके के चौखुटी गांव में जमीन विवाद से जुड़ा है। गांव के वकील और महेंद्र गुर्जर का परिवार के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। आज सुबह वकील गुर्जर और महेंद्र गुर्जर का फिर दूसरे पक्ष से विवाद हुआ। इसके बाद दोनों पक्षों में फायरिंग शुरू हो गई। 5 लोग घायल हुए हैं। पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाई है। दोनों पक्ष राजीनामा करना चाहते हैं, लेकिन घटना का वीडियो सामने आने पर पुलिस केस दर्ज करने की बात कह रही है। नूराबाद थाने के उपनिरीक्षक अतुल परिहार ने बताया कि जांच की जा रही है कि गोलियां किसने चलाईं?

New Delhi

# उद्धव को 21, कांग्रेस को 15 सीटें... शरद पवार के घर मीटिंग में शीट शेयरिंग पर निकला ये फॉर्मूला!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) नेताओं की एक बैठक शरद पवार के घर पर हुई है. इस बैठक में सभी 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर चर्चा की गई. पवार के 'सिल्वर ओक' आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस के अलावा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शीर्ष नेता शामिल हुए. सूत्रों के मुताबिक जो फॉर्मूला निकलकर सामने आया है उसके मुताबिक, उद्धव ठाकरे शिव सेना को 21, कांग्रेस को 15, एनसीपी शरद पवार को 9, वीबीए को 2 और राजू शेट्टी स्वाभिमानी पक्ष को एक सीट दी जाएगी. हालांकि यह सीट बंटवारे का एक



संभावित फार्मूला है जिसकी पुष्टि एमवीए नेताओं के सूत्रों ने की है. सूत्रों ने बताया कि यह अब तक सीट शेयरिंग का एक संभावित फॉर्मूला है जिस पर अंतिम फैसला वरिष्ठ नेता लेंगे. सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिस सीट पर जिस पार्टी का सांसद है, वह सीट उसी को दी जाएगी, भले ही उम्मीदवार ने पार्टी बदल ली हो लेकिन टिकट उसी पार्टी को मिलेगा. साथ ही 4 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की अहम बैठक होगी जिसमें फिर से उम्मीदवारी पर चर्चा होगी और उसके बाद नामों पर मुहर लगाई जाएगी.विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने गुरुवार को कहा कि उसने सभी 48 लोकसभा सीटों पर सीट-बंटवारे पर चर्चा पूरी कर ली है. बैठक के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात ने कहा कि सीट-बंटवारे की प्रक्रिया वैकल्पिक योग्यता के आधार पर तय की गई।

New Delhi

## JNU आधी रात को फिर बनी अखाड़ा, ABVP और लेफ्ट गुटों के छात्रों में हिंसक झड़प



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) आधी रात को एक बार फिर जंग का अखाड़ा बन गया। जेएनयू में भाषा संस्थान में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर गुरुवार रात दो छात्र समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए। छात्र गुटों में मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि झड़प में घायल कुछ छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक कथित वीडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति कुछ छात्रों को छड़ी से पीटता दिखाई दे रहा है वहीं एक अन्य क्लिप में एक व्यक्ति छात्रों पर साइकिल फेंकते दिखाई दे रहा है। वहीं घटना के एक अन्य कथित वीडियो में भी कुछ लोग अन्य लोगों के साथ मार-पीट करते दिखाई दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वामपंथी समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और न ही घायल छात्रों की संख्या के बारे में कोई जानकारी मिल सकी है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि हमें दोनों तरफ से शिकायत मिली है। हम शिकायतों की जांच कर रहे हैं। पुलिस को तीन लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है।

New Delhi

## आप पार्षद पर किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी का केस, घटना के विरोध में लोगों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मध्य दिल्ली के रंजीत नगर से आम आदमी पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग पर किशोरी ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पार्षद व उनके सहयोगियों पर छेड़छाड़, अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया। घटना के विरोध में नागरिकों ने पार्षद के घर का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन के अनुसार, 25 फरवरी की शाम किशोरी पार्क में भाई के इंतजार में खड़ी थी। इस बीच, पार्षद अंकुश, सहयोगी सोनिया व अन्य लोगों ने अभद्रता और छेड़छाड़ की। पार्षद अंकुश ने आरोप बेबुनियाद व राजनीति से प्रेरित बताया है।



Uttarpradesh

## मां ने बेटी के प्रेमी को चप्पलों से पीटा, कोर्ट

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में कलेक्ट्रेट गेट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला एक युवक को चप्पलों से पीटते हुए वकीलों के चेंबर से बाहर सड़क तक ले आई. यह नजारा देखकर वहां पर जाम लग गया. हर कोई जानना चाहता था कि ऐसा क्या हुआ कि महिला युवक की जमकर पिटाई कर रही है. जैसे-तैसे लोगों ने बीच बचाव करके मामले को शांत कराया. दरअसल, थाना इज्जत नगर क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर की रहने वाली शीला घर पर थी. तभी देर रात उसकी बेटी घर से गायब हो गई. महिला को जानकारी मिली कि मोहल्ले का ही रहने वाला छोटेलाल उसकी बेटी को लेकर भाग गया है. पता लगाते-लगाते शीला कचहरी पहुंच गई. इसी दौरान शीला एक वकील के चेंबर के बाहर अपनी बेटी को छोटेलाल के साथ देखकर आगबबूला हो गई और वहीं पर ही सबके सामने छोटेलाल को चप्पलों से पीटने लगी. बताया जा रहा है कि छोटेलाल का शीला की बेटी राखी से प्रेम प्रसंग चल रहा है. शीला द्वारा छोटेलाल की पिटाई करने के कारण सड़क पर जाम लग गया. मौके पर मौजूद कई लोगों ने अपने मोबाइल में इस घटना को रिकॉर्ड कर लिया. जिसका वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे मां राखी के प्रेमी को चप्पलों से पीट रही है वहीं, राखी प्रेमी को बचा रही है.

खेल

# पांचवें टेस्ट से भी बाहर हुए केएल राहुल, बुमराह की वापसी

## शमी को लेकर बीसीसीआई ने दिया यह अपडेट

मुंबई। भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि राहुल आखिरी टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। पहला टेस्ट खेलने के बाद से राहुल चोट की वजह से टीम से बाहर हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह की स्क्वॉड में वापसी हुई है। चौथे टेस्ट के लिए उन्हें आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप खेले थे। अब बुमराह की वापसी से टीम मजबूत हुई है। इसके अलावा बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी की चोट को लेकर भी अपडेट दिया है।

**बीसीसीआई ने राहुल के लिए क्या कहा-** गुरुवार को एक



प्रेस रिलीज के जरिये बीसीसीआई ने कहा- केएल राहुल, जिन्हें आखिरी टेस्ट में फिटनेस के आधार पर मौका दिया जाना था, वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी करीबी निगरानी कर रही है और उनकी देखरेख के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है। बोर्ड ने बताया कि जसप्रीत बुमराह जिन्हें चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किया गया था, धर्मशाला में पांचवें टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे।

**सुंदर को लेकर क्या बोला बीसीसीआई-** बीसीसीआई ने कहा- वॉशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में तमिलनाडु के साथ जुड़ेंगे। जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे। बोर्ड ने कहा- मो. शमी की 26 फरवरी को हुई सर्जरी सफल रही। उनकी दाहिनी एड़ी की समस्या थी। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अपनी रिहैब प्रक्रिया शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से जुड़ जाएंगे।

पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

सिनेमा

## धर्मेंद्र ने सुबह 3 बजकर 52 मिनट पर पोस्ट की अपनी तस्वीर, एक्टर के पैर देख चिंता में पड़े फैंस



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र चर्चा का विषय बने हुए हैं। दरअसल, अभिनेता ने शुक्रवार को सुबह 3 बजकर 52 मिनट पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। सोशल मीडिया पर उनकी यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उनके फैंस उनकी यह तस्वीर देख चिंता में पड़ गए हैं। वे धर्मेंद्र से उनकी तबीयत का हालचाल ले रहे हैं। फैंस से बात करते वक्त धर्मेंद्र ने उन्हें अपना हेल्थ अपडेट दिया है।

धर्मेंद्र द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में वह हाथ में थाली पकड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी यह तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'आधी रात हो गई नींद आती नहीं।भूख लग जाती है। दोस्तों मक्खन के साथ बासी रोटी बड़ी स्वाद लगती है। हा हा हा।' धर्मेंद्र की इस तस्वीर पर एक फैन ने कमेंट करते हुए पूछा, 'सर! आपके पैर को क्या हो गया?' इसका जवाब देते हुए धर्मेंद्र ने लिखा, 'मेरा टखना फ्रेक्चर हो गया। आप सबकी दुआओं से जल्दी तंदुरुस्त हो जाऊंगा।'

## संपादकीय

# कैसे हो जाते हैं विफल

दुनिया में सबसे अधिक खतरा अगर किसी चीज से है, तो वह है नशीले पदार्थों का कारोबार। इसी के जरिए आतंकवाद आदि का वित्तपोषण होता है। हर वर्ष लाखों नौजवान अकाल मौत मर जाते हैं। इसलिए सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि इस पर रोक लगाने में वे अधिक सतर्कता बरतें। मगर लगता है कि भारत इस कारोबार के लिए सबसे सुरक्षित जगह बनता जा रहा है। नहीं तो, क्या कारण है कि यहां थोड़े-थोड़े दिनों पर ही नशे की बड़ी खेप पकड़ी जाती है। अभी पोरबंदर के बंदरगाह से तैंतीस सौ किलो नशीले पदार्थ की खेप बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को सोमनाथ के वेरावल घाट पर बह कर आई करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की नशीले पदार्थ की खेप बरामद हुई थी। पिछले वर्ष मुंद्रा बंदरगाह पर एक पोत के औचक निरीक्षण में करीब पंद्रह हजार करोड़ रुपए की खेप पकड़ी गई थी। इस तरह अलग-अलग जगहों से छोटी-छोटी खेपें आए दिन पकड़ी जाती हैं। निस्संदेह यह पुलिस और संबंधित नशारोधी विभागों की सक्रियता कही जा सकती है, मगर सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा। नशे की पकड़ी गई बड़ी खेपों के बारे में तो खबरें सामने आ जाती हैं, मगर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि ऐसा न जाने कितना नशीला पदार्थ निगरानी तंत्र की नजर से पार निकल जाता होगा। सवाल है कि जो स्वापक विभाग यानी नारकोटिक्स महकमा एक-दो ग्राम नशीला पदार्थ रखने वालों को गिरफ्तार कर महीनों बंद रखता है, वह इन बड़ी खेपों पर नजर रखने में विफल कैसे हो जाता है। समंदर के रास्ते नशे का कारोबार कोई छिपी बात नहीं है। यह इसलिए सुरक्षित माना जाता है कि बंदरगाहों पर उतरने वाली वस्तुओं की नियमित जांच नहीं होती। औचक निरीक्षण में कभी-कभार ही कुछ संदिग्ध वस्तुओं और नशीले पदार्थों की पहचान हो पाती है। लगातार इतने मामले प्रकाश में आने के बावजूद यह समझना मुश्किल है कि बंदरगाहों पर निगरानी चौकस क्यों नहीं की जाती।

**अर्ज किया है..!**

*औरत ने जनम दिया मर्दों को*
*मर्दों ने उसे बाज़ार दिया*
*जब जी चाहा मसला कुचला*
*जब जी चाहा धुत्कार दिया*

*- साहिर लुधियानवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जरूरी नहीं की हर रिश्ते का अंत लड़ाई ही हो, कुछ रिश्ते किसी के खुशी के लिए भी छोड़ने पड़ते हैं।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# महिलाओं के लिए सुरक्षित हैं ये पर्यटन स्थल, मां-बेटी या सहेलियां कर सकती हैं सफर

घूमने का शौक जेंडर पर निर्भर नहीं करता। जितना पुरुषों को सफर जाना पसंद होता है, उतना ही महिलाओं को भी। हालांकि सफर के दौरान महिलाओं और पुरुषों की स्थिति में कुछ फर्क जरूर होता है। जैसे अगर किसी लड़के को ट्रिप पर जाना है तो वह कभी भी और कहीं भी दोस्तों या अकेले जा सकता है। हालांकि महिलाएं सफर पर निकलने से पहले काफी विचार करती हैं। अगर परिवार या साथ में पुरुष हैं तब उनके लिए सफर सुरक्षित माना जा सकता है। महिलाओं को अकेले सफर करते समय कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सबसे बड़ी चुनौती सुरक्षा होती है। कई बार सामाजिक संदर्भों में अकेले सफर करना महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जब वे नए स्थानों पर हों। हालांकि आज के दौर में नारी तो सशक्त हुई ही है, आसपास का वातावरण और जगहें भी नारी की सुरक्षा को ध्यान में रखकर अपडेट हो रहे हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर घूमने की योजना बनाकर मां-बेटी, बहनें या सहेलियों के साथ सफर पर जा सकती हैं। महिला दिवस 8 मार्च को है, जिसके बाद वीकेंड मिलेगा। मौका अच्छा है, किसी खूबसूरत पर्यटन स्थल पर महिलाएं सैर पर जाएं और महिला दिवस को सेलिब्रेट करें।



### कुफरी

हिमाचल प्रदेश के शिमला के पास ही एक छोटा सा हिल स्टेशन है, जिसका नाम कुफरी है। कुफरी में आप खूबसूरत झीलें, बर्फ से ढके पहाड़ और कई मनोरम दृश्य देख सकते हैं। यह जगह महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से बेहतरीन पर्यटन स्थल है।



### मुन्नार

भारत के सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थलों में से एक मुन्नार है। महिलाएं यहां बेफिक्री के साथ मुन्नार चाय बागान, प्राकृतिक खूबसूरती और हरियाली को देखने जा सकती हैं। सोलो वुमन ट्रैवलर्स के लिए यह बेहतरीन जगह है।



### जयपुर

पिंक सिटी के नाम से मशहूर जयपुर सुरक्षा के लिहाज से महिला ट्रैवलर्स के लिए बेहतरीन जगह है। जयपुर में हवा महल, जल महल, सिटी पैलेस, आमेर का किला, जंतर-मंतर, नाहरगढ़ का किला, जयगढ़ का किला, बिरला मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर को घूम सकते हैं।



### दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल के शहर दार्जिलिंग को पहाड़ों की रानी कहा जाता है। दार्जिलिंग हमेशा महिला यात्रियों की पसंदीदा जगह रही है। इस छोटे से शहर में बौद्ध मठ, चिड़ियाघर, प्राकृतिक खूबसूरती, शानदार खुशनुमा मौसम और घूमने के लिए एक से बढ़कर एक कई जगहें यहां हैं। दार्जिलिंग की पहचान चाय के बागान, पहाड़, मंदिर, मठ और प्रकृतिक खूबसूरती से है। टॉय-ट्रेन का मजा ले सकते हैं।

## Highlights

1. **Telangana notification for DSC 2024 to recruit 11,062 teachers**
2. **29-year-old Indian man shot dead outside gurdwara in the US**
3. **Fastag: NHAI extended the last date for updating Fastag KYC**
4. **BJP demands K'taka govt dismissal over sloganeering after RS polls**
5. **Nitish Kumar's Birthday: PM Modi sends birthday wishes to Bihar CM**
6. **MCC Council Creates a Scene Over Property Tax Hike**

# Five financial rules that changed from March 2024

**NEW DEIHI, (Agency).** From Paytm Payments Bank to SBI, several new financial changes will be in effect across the country from March 1, 2024. The change in the financial rules will lead to a significant impact on tax implications and other important financial decisions of almost all banking customers.

The financial changes coming into effect from this month are mainly linked to Paytm Payments Bank, SBI credit card users and FASTag users. This is also the last month where citizens can make investment choices on the basis of the financial changes for tax saving purposes.

Here's a look at what all rule changes are coming into effect from March 2024.

Paytm Payments Bank

The Reserve Bank of India (RBI) has ordered that all the customers of Paytm Payments Bank shift their assets to another bank before March 15. After this deadline, one will not be able to deposit money or make credit transactions



into their Paytm bank account.

SBI credit card

The State Bank of India has announced that from March 15 onwards, the bank is changing the minimum amount due (MAD) calculation process on its credit cards. In an email to its customers, SBI broke down the MAD calculations as total GST + EMI amount + 100 percent of Fees/Charges + 5 percent of [Finance Charge (if any) + Retail Spends and Cash Advance (if any)] + Overlimit Amount (if any).

FASTag KYC

In an effort to make the process smoother, the National Highway Authority of India (NHAI) has extended the deadline of updating the KYC details on FASTag till the end of March 2024. If not updated, the FASTag account will be deemed invalid after the deadline.

Fourth advance tax installment

All taxpayers must pay the fourth installment of their advance tax by March 15. If the advance tax deadline is missed then the taxpayer is liable to pay a penal interest on the taxes due, under section 234C, at the rate of 1 percent per month/part of the month.

New GST regulations

According to the new GST rules set in place, if a business is generating an annual turnover of more than ₹5 crore, then they will not be able to generate an e-bill without generating an e-invoice for all their B2B transactions.

# How Mukesh Ambani-led Reliance-Disney tie-up can change cricket viewing in India

**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Mukesh Ambani-led Reliance Industries limited sealed the much-awaited merger deal with Disney Star this week, which will create the biggest media entity in India. This new entity is aimed at giving a push to Reliance's own OTT platform Jio Cinema, and dominating the cricket viewing rights space.

Reliance Industries and Disney put the combined value of their media streaming assets at $8.5 billion. Ambani's Reliance and its affiliates will own more than 63% of the merged entity, with Disney owning 37%.

The Reliance-Disney entity will become India's top TV player boasting over 120 channels, with Zee Entertainment falling second with over 50 total TV channels.

This dominance over television and streaming platforms is expected to change the course of cricket viewing in India. Over the last few years, Hotstar and Reliance have jostled for IPL telecast rights.

Disney's Hotstar is India's largest OTT platform with 38 million paid users. Netflix and Amazon Prime Video do not disclose their India numbers, but industry analysts estimate they have 20 million and 6.5 million paid users, respectively.

Upper hand in cricket viewing

Both Reliance and Disney have spent billions of dollars in the past to purchase broadcast rights for many top tournaments, including the Indian Premier League and International Cricket Council's India tournaments.

# पड़ोसी ने कर दिया हमला

## 16 साल की बेटी और बेटा सहित पिता भी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। **गुरूवार रात खजराना इलाके में पड़ोसी ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। आक्रोशित पड़ोसी ने बच्चे के पिता का कान काट दिया। हमले से एक 15 साल की लडक्की और बेटा भी घायल है। तीनों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।**

पुलिस का कहना है कि आरोपी समद को रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया है। इरशाद (32) पिता हमीद खान उसकी बेटी सानिया (15) बेटा सोनू(16) को गंभीर चोट आई है। हमले में इरशाद का कान कट गया।उसे ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने जोड़ दिया है। बेटी के सिर और बेटे के हाथ में गंभीर चोट आई है।

इरशाद ने बताया कि उनका छोटा बेटा शादाब घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान समद का बेटा वहां साइकिल चला रहा था। साइकिल का टल्ला लगने से बेटा शादाब सडक़ पर गिर गया। पत्नी घर गई। बेटे को डांटा लगाई। समद की बेटी को भाई को समझाने के लिए बोली। फिर घर आ गई। कुछ देर बाद समद घर आया। वह पत्नी को गालियां देने लगा। माकान मालिक और आसपास के लोगों ने उसे समझाया। कुछ देर में वह चाकू लेकर फिर आया। बाहर आते ही बेटी सानिया के सिर पर हमला कर दिया।

बेटी की चीख सुनकर बाहर आए तो वह खून से लथपथ थी। सिर पर गहरी चोट लगी थी। बचाव करते समय मेरे ऊपर भी हमला कर दिया। हमले से मेरा कान कट गया। कान का कुछ हिस्सा मौके पर गिर गया। यह देख छोटा बेटा सोनू बचाव करने पहुंचा। आरोपी ने उसके हाथ पर हमला कर दिया।

आरोपी को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ा। उसने उन पर भी हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वह घर की तरफ भाग गया। पुलिस ने इस मामले में अंग भंग की धाराओं सहित गंभीर मामले में प्रकरण दर्ज किया है। इरशाद की हालत गंभीर बनी हुई है।

### ऑटो ड्रायवर को कर दिया लहूलूहान

बाणगंगा इलाके में एक ऑटो ड्रायवर पर उसके ही साथी ने ब्लेड से हमला कर उसे लहुलूहान कर दिया। आरोपी आटो ड्रायवर ने सिर,गले ओर गर्दन पर कई वार किये। आसपास के अन्य ऑटो ड्रायवरो ने पीडित को बचाया ओर एमवाय भेजा। यहां बयान के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नंदकिशोर(58) पुत्र मांगीलाल आर्य निवासी वृंदावन कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने अन्य ऑटो ड्रायवर तुलसी पाल निवासी गोविंद नगर खारच्या के खिलाफ प्राणघातक हमले के मामले में केस दर्ज किया है। नंदकिशोर ने पुलिस को दिय बयान में बताया कि सुबह 7 बजे वह ऑटो रिक्शा लेकर बाणगंगा नाके पर पहुंचा। वहां अपनी ऑटो लेकर तुलसी भी आ गया। आते ही उसने विवाद करना शुरू कर दिया। इसके बाद रिक्शा में काम के लिये अंदर झांका उसी दौरान आरोपी तुलसी ने ब्लेड निकालकर तीन से ज्यादा वार किये। जिसमें सिर,गर्दन ओर चेहरे पर गंभीर चोटे आई। डॉक्टरो के मुताबिक ब्लेड से मारे गए। घाव काफी गहरे है। गर्दन पर ओर सिर पर गंभीर चोटे आई है।

# आनलाइन ठगी के पौने चार लाख रुपए वापस कराए

## क्राइम ब्रांच में की थी पीडितों ने शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। आनलाइन ठगी के पीडितों की शिकायतों का क्राइम ब्रांच लगातार निपटारा कर रही है। इसी क्रम में पांच आवेदकों से धोखे पूर्वक हड़पी तीन लाख 81 हजार रुपए की राशि वापस कराई। राशि वापस मिलने से आवेदकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

क्राइम ब्रांच थाने में आवेदक सिद्धांत ने अल्ट्राटेक सीमेंट होलसेल रेट से कम दामों में बल्क ऑर्डर लेने अल्ट्राटेक कंपनी का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया था। इसके बाद उसका ठग से संपर्क हुआ। ठग ने खुद को कंपनी का बताकर आवेदक के पीएनबी बैंक से एडवांस पेमेंट के नाम पर 2,70,000 रुपए ले लिए। आवेदक आशीष ने इंडसइंड बैंक की एनईटी बैंकिंग एक्टिवेशन प्रोसेस जानने बैंक का कस्टमर केयर नंबर सर्च करते ही ठग से संपर्क हुआ। इसके बाद ठग ने 26,000 रुपए हासिल कर लिए। आवेदिका पायल ने मिसो शॉपिंग साइट से ऑर्डर लेने कस्टमर केयर नंबर लिया। इसके बाद उसके खाते से ठग ने 15,960 रुपए निकाल लिए।

### ट्रांसपोर्टेशन चार्जेस के नाम पर धोखा

आवेदिका मोनिका का रेंट पर कार लेने गणेशा कार रेंटल ट्रांसपोर्ट कंपनी का कस्टमर केयर नंबर लिया। इस पर ठग ने ट्रांसपोर्टेशन चार्जेस के नाम पर लिंक भेजी और 150 रुपए जमा करा लिए। इसके बाद आवेदक को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड से 21570 रुपए निकाले। आवेदक मोहित ने फ्लिपकार्ट से ऑर्डर डिलीवरी समय पर नहीं मिलने पर कंपनी का कस्टमर केयर नंबर लिया। इसमें ठग ने खुद को कंपनी का बताकर 47,999 रुपए धोखे से प्राप्त कर लिए। सभी पीडितों को पुलिस ने पैसे रिफंड कराए।

# डकैती का संदिग्ध आरोपी गिरफ्त में

## लदंन विला डकैती मामले में थी तलाश, पुलिस कर रही पूछताछ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। **बाणगंगा इलाके के लदंन विला में डकैती डालने के मामले में मुख्य संदिग्ध को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अलीराजपुर एसपी ने मीडिया को दिए बयान में पुष्टी की है। हालांकि इंदौर पुलिस इस बात से इंकार कर रही है। सूत्रो के मुताबिक मनावर में पुलिस ने उसे थाने में रखा है। जिसमें उससे पूछताछ कर रही है।**

लदंन विला में डकैती के मामले में फरार चल रही सोमला भील के बुधवार देर रात पकड़ाने की बात सामने आ रही है। इस मामले में मीडिया में अलीराजपुर एसपी राजेश व्यास ने पुष्टी भी की है। लेकिन बाणगंगा टीआई नीरज बिरथरे के मुताबिक अभी आरोपी उनके हाथ नही लगा है। आरोपी से दो दिन से मनावर थाने में पूछताछ हो रही है। वह बार बार एक ही बयान बदल रहा है कि वह इंदौर नही गया। उसने डकैती नही डाली। हालांकि पुलिस को पूरा भरोसा है कि इंदौर की कई वारदातों में इसका ओर इसके अन्य साथियों का हाथ है। जिस दिन किसी वारदात को अजांम देना होता था तब ही सोमला इंदौर आता। इसके पहले अलीराजपुर में ही रहता है। पुलिस सूत्रों की माने तो वह नही टूट रहा। उस पर गंभीर अपराध सहित 20 से ज्यादा मामले दर्ज है।

इंदौर की कई टीमें सर्विलेंस पर काम कर रही थी। कोई मोबाइल की लोकेशन खेतो में आ रही थी। जो रात में भी चालू रहते थे। ऐसे में पुलिस की अलग अलग टीमें यहां पहुंची ओर घेराबंदी कर सही लोकेशन से सोमला को पकड़ा गया। वह खेत में बने एक झोपड़ी में ही मिला। सोमला के बाकि के साथी अभी नही मिले है। इंदौर के वरिष्ठ अफसर भी सोमला से पूछताछ के लिये मनावर पहुंचे है।

### शातिर अपराधी है सोमला

सोमला काफी शातिर अपराधी है। बांक टांडा ओर अलीराजपुर,कुक्षी ओर धार सहित करीब 200 गांव में उसका नेटवर्क बताया जाता है। आरोपी यही से वारदातों के लिये अलग अलग लडक़ो को लेकर गैंग आपरेट करता है। वह पहले खुद रैकी करता है। उसके बाद वारदात के लिये टीमें भेज देता है। शहर भर में कई वारदातें आरोपी से खुलने का अनुमान है।

# रेप केस में दो आरोपी बरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। समीप बेटमा थाने में दर्ज रेप केस के मामले में दो आरोपी बरी हो गए। पूरा मामला बेटमा थाने का है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर फरवरी 2012 में गैंग रेप का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद मामले में 15 लोगों को आरोपी बनाया था। जिला न्यायालय ने साल 2013 में सभी आरोपी को उम्र कैद की सजा सनाई। जिस पर आरोपी जावेद और टीपू ने फैसले को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। फैसले पर डबल बेंच में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने दोनों आरोपी को सजा के 12 साल बाद बरी कर दिया। अन्य आरोपियों की सजा बरकरार रखी गई है।

# 10 हजार का ईनामी बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। ब्रांच ने एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी कई सालों से चोरी के मामले में फरार चल रहा था। उस पर 10 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि क्राइम ब्रांच ने सद्दाम उर्फ शादाब पुत्र अनवर शाह निवासी कसाईपुरा लंगापुर आष्टा सिहोर को पकड़ा है। आरोपी हीरानगर में एक चोरी के मामले में फरार चल रहा था। उस पर 10 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। पूछताछ में सद्दाम ने 16 कारें गुजरात में बेचना कबूला है। 12 मोड़ासा और 4 गोधरा से मिली हैं। वह पहले गुजरात में ट्रक चोरी के मामले में भी पकड़ाया जा चुका है। जेल जाने के बाद छूटा और फिर चोरी के काम में लग गया था।

# भोपाल से फरार तीन हजार का बदमाश पकड़ाया

## लूट-चोरी के मामले में तलाश रही थी पुलिस

इंदौर। पुलिस की कांबिंग गश्त में लगातार स्थायी और गिरफ्तारी वारंट के आरोपी पकड़े जा रहे हैं। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच की टीम ने भोपाल के खजूरी सडक़ थाने से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा। आरोपी की लूट, चोरी के मामले में लंबे समय से तलाश थी। भोपाल पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि भोपाल का बदमाश आजाद नगर क्षेत्र में नाम बदलकर फरारी काट रहा है। वह कुछ दिनों में ही अपना ठिकाना बदल लेता था, जिससे आसपास के लोगों को उस पर शक हो गया था। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने फरार आरोपी केशव उर्फ मेंडिस पिता राजाराम मांजरे निवासी नेहरू नगर एवं इंद्रा एकता नगर मूसाखेड़ी को पकड़ा। बदमाश कई दिन से यहां निवास कर रहा था। आरोपी पर खजूरी सडक़ थाने में धारा 427, 393, 34 में प्रकरण दर्ज था। आरोपी को खजूरी सडक़ पुलिस को सौंप दिया है।

# शासकीय कार्य में डाली बाधा, केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर। भिक्षावृत्ति में लिप्त बालकों को पकडऩे गई टीम के साथ युवक ने मारपीट की। मामले में परदेशीपुरा पुलिस ने युवक पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया है। पुलिस को संस्था प्रवेश की ज्योति गुर्जर ने बताया कि वह टीम के साथ नंदानगर रोड नंबर 11 स्थित साई मंदिर पर भिक्षा मांगने बैठे बच्चों को पकडऩे गई थी। तभी टीम के साथ वहीं रहने वाले आनंद नामक युवक ने मारपीट की।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक